प्रश्न बैंक

गणित

कक्षा – 5

पाठ - 1
संख्याएँ

(1) 186 की पूर्ववर्ती संख्या है –
(a) 186 (b) 185 (c) 187 (d) 188

(2) 300 की परवर्ती संख्या है –
(a) 301 (b) 299 (c) 288 (d) 302

(3) संख्याओं के अवरोही क्रम में अगला अंक होगा –
810, 800, 790, ...
(a) 820 (b) 770 (c) 780 (d) 760

(4) कौन सी संख्याएँ अवरोही क्रम में हैं –
(a) 7502, 7520, 7052, 752 (b) 7520, 7502, 752, 7052
(c) 752, 7052, 7502, 7520 (d) 7052, 752, 7502, 7520

(5) कौन सी संख्याएँ आरोही क्रम में हैं –
(a) 707, 770, 777, 077 (b) 077, 707, 770, 777
(c) 770, 707, 777, 077 (d) 777, 707, 077, 770

(6) पाँच लाख तेईस हजार सात सौ बारह है –
(a) 523712 (b) 5023712 (c) 5237012 (d) 5237102

(7) निम्न में से कौन सी संख्या तीन हजार तैंतीस है –
(a) 333 (b) 3033 (c) 3303 (d) 30033

(8) निम्न में से कौन सा कथन सही है –
(a) संख्या 2095, 2059 से छोटी है (b) संख्या 2509, 2059 से छोटी है
(c) संख्या 2002, 2090 से छोटी है (d) संख्या 2690, 2629 से छोटी है

(9) संख्या 35150 में 5 के दोनों स्थानीय मानों में अंतर है –
(a) 0 (b) 495 (c) 490 (d) 4950

(10) निम्न में से कौन सी संख्या 2 अंकीय है –
(a) दो हजार दो (b) एक हजार दो (c) एक सौ (d) निन्यान्बे

(11) संख्या 685300 में 5 का स्थानीय मान है –
(a) पांच (b) पचास (c) पांच हजार (d) पांच लाख

(12) नीचे लिखी संख्याओं में सबसे छोटी संख्या कौन सी है –
(a) 9909 (b) 9099 (c) 9009 (d) 9090

(13) 9607 – 8268 = ...
(a) 1461 (b) 1449 (c) 1149 (d) 1339

(14) 1200 – 972 = ...
(a) 338 (b) 238 (c) 328 (d) 228

(15) 939852 तथा 43234 के बीच का अंतर है–
(a) 507512 (b) 896618
(c) 896628 (d) 983086

(16) संख्या 354 में अंक 3 और 4 को परस्पर बदलकर एक नई संख्या बनाई जाती है, नई संख्या और मूल संख्या में कितना अंतर है ?

(17) कितनी संख्याएं 68 और 96 के बीच आती है ?

(18) नीचे दिए गए गुणा के प्रश्नों को हलकर गुणनफल को इकाई, दहाई और सैकड़ा के रूप में लिखो।

45 × 5 = ☐ सैंकड़ा ☐ दहाई ☐ इकाई

242 × 4 = ☐ सैंकड़ा ☐ दहाई ☐ इकाई

पाठ - 2
संक्रियाएँ

(1) 95+721+5328+37 = ...

(a) 25738 (b) 6181 (c) 5101621 (d) 8161

(2) 33918 – 14709 = ...

(a) 21211 (b) 21201 (c) 19209 (d) 19290

(3)
```
  65865
+ 26026
-------
```

(a) 91891 (b) 81991 (c) 91991 (d) 19918

(4) 640 × 70 = ...

(a) 448 (b) 4480 (c) 44800 (d) 448000

(5)
```
 121
×11
----
```

(a) 242 (b) 1331 (c) 424 (d) 3113

(6) 816÷8 = ...

(a) 12 (b) 102 (c) 120 (d) 21

(7)
```
    83812
+ 9194141
---------
```

(8)
```
  5593475
 –  58752
---------
```

(9)
```
   35003
+  47516
--------
```

(10)
```
  37502
– 18793
-------
```

(11) जोड़ो –
6278, 789 और 41628

(12) घटाओ –
88343 में से 53817

(13) 409 × 209

(14) 38 × 502

(15) 450 ÷ 15

(16) 8)625(

(17) 7)750(

(18) एक कॉपी की कीमत 33 रू. है, तो 13 कॉपी खरीदने से कुल कितने रूपए खर्च होंगे ?

(19) छः घड़ियो का मूल्य क्या होगा, जबकि प्रत्येक घड़ी का मूल्य 275 रूपए है ?

(20) एक स्कूटर की कीमत बताओ जबकि चार स्कूटर का मूल्य 6360 रूपए है ?

(21) यदि 648 रूपए में 6 कुर्सियाँ मिलती हैं, तो 5 कुर्सियों का मूल्य कितना होगा ?

(22) राम ने 6 घड़ियाँ 804 रूपए में खरीदीं। उसने तीन घड़ियाँ 172 रूपए में तथा शेष तीन घड़ियाँ 135 बेचीं। बताइए राम को लाभ हुआ या हानि ?

(23) चार अंकों की सबसे छोटी संख्या में 1 घटाने पर कितने अंकों की संख्या मिलेगी ? वह संख्या कितनी है ?

(24) दो संख्याओं का योगफल 53046 है, उसमें से एक संख्या 18356 है तो दूसरी संख्या क्या होगी ?

(25) संख्याओं को अवरोही क्रम में लिखो–
15546, 25546, 14546, 15456

(26) संख्याओं को आरोही क्रम में लिखो–
78606, 81316, 6978, 52374

(27) तीन अंकों की सबसे बड़ी संख्या की पूर्ववर्ती संख्या क्या होगी ?

पाठ - 3
लाभ-हानि

(1) विक्रय मूल्य 153 रू. एवं क्रय मूल्य 143 रू. है तो होगा –
(a) 10 रू. की हानि (b) 10 रू. का लाभ
(c) न लाभ न हानि (d) 13 रू. की हानि

(2) हानि = क्रय मूल्य – विक्रय मूल्य (सत्य / असत्य)

(3) विक्रय मूल्य, क्रय मूल्य से अधिक होने पर लाभ होता है। (सत्य / असत्य)

(4) क्रय मूल्य 880 रू. और हानि 190 रू. है तो विक्रय मूल्य .... होगा।

(5) क्रय मूल्य 637 रू. एवं 673 रू. विक्रय मूल्य है तो होगा ....(हानि / लाभ)

(6) रमेश दीपावली के समय शहर से निम्न पटाखे लेकर आया और उसे अपने गाँव में निम्न मूल्य पर बेचा। बताओ उसे किन पटाखों में लाभ हुआ और किन पटाखों में हानि हुई ?

पटाखे का नाम	क्रयमूल्य(रू.)	विक्रयमूल्य(रू.)	लाभ या हानि
बम पटाखा	300	165	....
फुलझड़ी	480	540	....
अनारदाना	330	230	....
चकरी	640	510	....
टिकली पटाखा	145	635	....

(7) दिलीप ने 280 रू. में पंखा खरीदा और उसे दुकान तक लाने में 50 रू. भाडे में खर्च किया। यदि दिलीप ने 300 रू. में पंखा बेचा तो बताओ उसे कितने रू. का लाभ या हानि हुई ?

(8) राम ने 12580 रू. में टेलीवीजन खरीदा। बताओ वह इसे कितने में बेचे कि उसे 480 रू. का लाभ हो।

(9) यदि किसी वस्तु को 690 रू. में बेचने पर 128 रू. की हानि होती है तो वस्तु का क्रय मूल्य बताओ।

(10) सुरेश एक शर्ट जिसकी कीमत 520 रू. है, की खरीदी पर 80 रू. की छूट देता है। तो शर्ट का विक्रय मूल्य बताओ।

(11) [ ] में + या – चिन्ह का प्रयोग कर खाली स्थान भरो –

	क्रय मूल्य	±	लाभ/हानि	=	विक्रय मूल्य
1.	460	[ ]	....	=	320
2.	....	[ ]	70 (लाभ)	=	590
3.	338	[ ]	68 (लाभ)	=	....
4.	900	[ ]	.........(हानि)	=	630

(12) एक बैट की कीमत 120 रू. है। ऐसे पांच बैट खरीद कर सभी को 800 रू. में बेचने पर प्रत्येक बैट का विक्रय मूल्य होगा।

(13) 240 रू. में 6 किताब को बेचने पर कुल 60 रू. का लाभ होता है तो एक किताब का क्रय मूल्य बताओ।

(14) एक आदमी डेयरी से 20 लीटर दुध 290 रू. में खरीदता है। वह उसे 18 रू. प्रति लीटर की दर से बेचता है। तो बताओ उस व्यक्ति को कितने रूपए का लाभ हुआ या हानि ?

(15) एक दुकानदार 1250 रू. प्रति मोबाइल की दर से 12 मोबाइल खरीदता है। वह 6 मोबाइल को 1375 रू. की दर से एवं शेष मोबाईल को 1200 रू. की दर से बेचता है। तो बताओ उसे कितने रू. की लाभ या हानि हुई।

पाठ - 4
ऐकिक नियम

प्रश्न(1). 10 पेंसिलों की कीमत 30 रुपये है तो 1 पेंसिल की कीमत होगी –

(अ) 40 रुपये (ब) 20 रुपये
(स) 3 रुपये (द) 5 रुपये

प्रश्न(2). एक वस्तु के मूल्य के आधार पर अनेक वस्तुओं का मूल्य ज्ञात करने के लिये किया जाता है–

(अ) भाग (ब) गुणा
(स) जोड़ (द) घटाव

प्रश्न(3). अधिक वस्तुओं के मूल्य से एक वस्तु का मूल्य ज्ञात करने के लिये किया जाता है –

(अ) भाग (ब) गुणा
(स) जोड़ (द) घटाव

प्रश्न(4). 5 लीटर दूध की कीमत 75 रुपये है, तो 2 लीटर दूध की कीमत होगी –

(अ) 15 रुपये (ब) 70 रुपये
(स) 80 रुपये (द) 30 रुपये

प्रश्न(5). 250 रुपये में 10 किग्रा. प्याज मिलता है, तो 50 रुपये में कितने किग्रा. प्याज मिलेगा –

(अ) 10 किग्रा. (ब) 25 किग्रा.
(स) 2 किग्रा. (द) 3 किग्रा.

प्रश्न(6). दीपक के घर में 7 मजदूर काम करते हैं जिनके एक दिन की कुल मजदूरी 735 रुपये है, तो बताओ प्रत्येक मजदूर की एक दिन की मजदूरी कितने रुपये होगी?

प्रश्न(7). 1000 लीटर धारिता वाले टंकी को 20 लीटर धारिता वाले बाल्टी से कितने बार में भरा जा सकता है?

प्रश्न(8). एक कंपनी के 11 कुर्सियों का मूल्य 2200 रुपये है तथा दूसरे कंपनी के 5 कुर्सियों का मूल्य 1225 रुपये है तो बताओ किस कंपनी का प्रति कुर्सी मूल्य अधिक है?

प्रश्न(9). रबर के एक पैकेट में 15 रबर आते है। यदि एक रबर के पैकेट का मूल्य 120 रू. हो, तो एक रबर का मूल्य ज्ञात करो।

प्रश्न(10). शान्ति की माँ प्रतिदिन दो लीटर दूध लेती है। यदि एक लीटर दूध का मूल्य 35 रू. हो, तो बताओ अप्रैल माह में दूध का कितना मूल्य चुकाना पडेगा।

प्रश्न(11). मोहम्मद 46 रू. में चॉकलेट का एक पैकेट खरीदता है। यदि वह ऐसे 5 पैकेट चॉकलेट खरीदना चाहे तो उसे कितने रूपये खर्च करने होंगे ?

प्रश्न(12). राम एक घंटे में 120 कन्चे बनाता है। तो वह 2.30 घंटे में कितने कंचे बनायेगा ?

प्रश्न(13). यदि एक दर्जन केले का मुल्य 40 रू. है । तो 12 दर्जन केले का मूल्य ज्ञात करो।

प्रश्न(14). लक्ष्मण एक पन्ने में 200 शब्द लिखता है। यदि उसने कुल 2200 शब्द लिखे तो बताओ उसने कितने पन्ने लिखे ?

प्रश्न(15). यदि आम के एक पैकेट का भार 250 ग्राम हो तो ऐसे 14 पैकेट आम का वजन किलोग्राम में कितना होगा ?

प्रश्न(16). एक बस एक घंटे में 45 किलोमीटर की दूरी तय करती है। यदि दुर्ग से बिलासपुर की दूरी 270 किलोमीटर हो तो बस को यह दूरी तय करने में कितना समय लगेगा ?

प्रश्न(17). सुरेन्द्र ने एक मोटर सायकल खरीदा जो एक लीटर पेट्रोल में 58 किमी. चलती है। यदि सुरेन्द्र ने 8 लीटर पेट्रोल मोटर सायकल में भरवाया तो बताओ वह कितनी दूरी तक जा सकता है ?

प्रश्न(18). यदि एक पैकेट बिस्कुट में 12 बिस्कुट है। तो 144 लड़कों को एक–एक बिस्कुट बाँटने के लिए कितने पैकेट बिस्कुट की आवश्यकता होगी ?

पाठ - 5
औसत

प्रश्न1. औसत $= \dfrac{\dots\dots\dots\dots\dots\dots}{\text{आँकड़ों की संख्या}}$

प्रश्न2. 10, 15, 12, 10, 11, 14 का औसत है –

(a) 11 (b) 12 (c) 14 (d) 15

प्रश्न3. एक पुस्तक विक्रेता ने पाँच दिनों में क्रमशः 35, 47, 28, 54 एवं 40 कापियाँ बेची, तो औसतन कितनी कापियाँ प्रतिदिन बेची?

प्रश्न4. जनवरी से मई तक प्रत्येक माह में क्रमशः 35 सेमी., 40सेमी., 25सेमी. और 35सेमी. वर्षा हुई तो बताओ कौन–कौन से माह में वर्षा औसत से अधिक हुई ?

प्रश्न5. राम सोमवार से शनिवार तक क्रमशः 6, 7, 6, 8, 7 और 2 घंटे काम करता हैं, तो बताओ उसने औसतन कितने घंटे कार्य किया ?

प्रश्न6. कुछ व्यक्तियों के भार क्रमशः 50, 150, 80, 70, 68, 72, 70 कि.ग्रा. है। तो उनका औसत भार ज्ञात करो।

प्रश्न7. संस्कार औसतन 15 रू. प्रतिदिन खर्च करता है, तो बताओ वह जून माह में कितने रूपये खर्च करेगा ?

प्रश्न8. एक ट्रेन पहले घंटे में 50कि.मी., दूसरे घंटे में 75 कि.मी., तीसरे घंटे में 35 कि.मी., चौथे घंटे में 55 किमी. तथा अंतिम घंटे में 45 कि.मी. चलती है। तो बताओ वह औसतन हर घंटे में कितने कि.मी. चलती है ?

प्रश्न9. यदि अमीन पहले चार दिनों मे 200 रू. एवं अगले चार दिनों में 600 रू. कमाये तो बताओ औतन उसने प्रतिदिन कितने रू. कमाये ?

प्रश्न10. यदि अमन ने 150 की दर से चार शर्ट, 50 की दर से तीन टोपियाँ खरीदीं तो बताओ उसने कपड़े के लिए कितने रू. खर्च किए ?

प्रश्न11. रितुल ने 15 रू. वाली दो कापियाँ, 20 रू. वाली पाँच कापियाँ खरीदीं, तो बताओ उसने एक कॉपी
के लिए कितने रू. खर्च किए ?

प्रश्न12. सचिन, सौरभ, राहुल, धोनी तथा रैना ने मिलकर कुल 240 रन बनाये। बताओ प्रत्येक ने औसतन कितने रन बनाए ?

पाठ - 6
गुणन एवं गुणनखंड

प्रश्न1. 7 के तीन गुणज क्रमशः ...., ..., ... हैं।

प्रश्न2. 4 का गुणज है –
(a) 2 (b) 4
(c) 6 (d) 10

प्रश्न3. 12 किसका गुणज है –
(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) सभी का।

प्रश्न4. 2 और 5 का सबसे छोटा समान गुणज है –
(a) 2 (b) 5
(c) 10 (d) 15

प्रश्न5. 4, 8 और 20 का लघुतम समापवर्त्य है –
(a) 10 (b) 20
(c) 30 (d) 40

प्रश्न6. किसी संख्या का सबसे बड़ा गुणनखण्ड होता है –
(a) एक (b) उस संख्या का आधा
(c) स्वयं वही संख्या (d) दस

प्रश्न7. संख्या 12 का सबसे बड़ा गुणनखण्ड है –
(a) 2 (b) 4
(c) 4 (d) 12

प्रश्न8. 8 का गुणनखण्ड है –
(a) 8 (b) 16
(c) 32 (d) 40

प्रश्न9. 1 से 10 तक के बीच कुल कितने अभाज्य संख्या है –

(a) दो (b) तीन

(c) चार (d) पाँच

प्रश्न10. लघुतम समापवर्त्य का मतलब है सबसे छोटा समान ....

प्रश्न11. गुणज को .... भी कहते हैं।

प्रश्न12. गुणनखण्ड को .... भी कहते हैं।

प्रश्न13. किसी संख्या का गुणनखण्ड/अपवर्तक उस संख्या को पूर्णतः .... करती है।

प्रश्न14. .... संख्या सभी संख्या का गुणनखण्ड होता है।

प्रश्न15. ऐसी संख्या जिसके केवल दो ही गुणनखण्ड होते हैं, ...कहलाता है।

प्रश्न16. 10 एवं 15 का महत्तम समापवर्तक ज्ञात करो।

प्रश्न17. 15, 20 एवं 30 का लघुतम समापवर्त्य ज्ञात करो।

प्रश्न18. 4 एवं 24 का लघुतम समापवर्त्य ज्ञात करो।

प्रश्न19. 24 के सभी गुणनखंड ज्ञात करो।

प्रश्न20. 125 के सभी गुणनखंड ज्ञात करो।

प्रश्न21. 5 व 6 के कम से कम तीन समान अपवर्त्य ज्ञात करो।

प्रश्न22. 4, 8, 12 के महत्तम समापवर्तक ज्ञात करो।

प्रश्न23. तीन क्रमागत अभाज्य संख्याओं के महत्तम समापवर्तक ज्ञात करो।

प्रश्न24. 9, 6 के महत्तम समापवर्तक ज्ञात करो।

पाठ - 7
भिन्न पर संक्रियाएँ



चित्र के रंगीन भाग का मान है –

(a) $\frac{9}{9}$ (b) $\frac{3}{9}$ (c) $\frac{2}{9}$ (d) $\frac{1}{9}$

प्रश्न2. दिये गये चित्र का $\frac{2}{3}$ भाग रंगीन करो–



(i)



(ii)

प्रश्न3. $\frac{4}{7}$ का तुल्य भिन्न है –

(a) $\frac{8}{7}$ (b) $\frac{4}{14}$ (c) $\frac{8}{14}$ (d) $\frac{12}{14}$

प्रश्न4. $\frac{3}{7}$ के तुल्य भिन्न बताओ।

प्रश्न5. आरोही क्रम में लिखो –

$\frac{2}{3}, \frac{2}{6}, \frac{2}{5}, \frac{2}{7}$

प्रश्न6. अवरोही क्रम में लिखो –

$\frac{1}{2}, \frac{1}{7}, \frac{1}{6}, \frac{1}{5}$

प्रश्न7. अवरोही क्रम में लिखो –

$\frac{3}{11}, \frac{2}{11}, \frac{7}{11}, \frac{4}{11}$

प्रश्न8. आरोही क्रम में लिखो –

$\frac{2}{13}, \frac{7}{13}, \frac{1}{13}, \frac{3}{13}$

प्रश्न9. छोटी भिन्न पर घेरा लगाओं –

$\frac{4}{7}$ और $\frac{6}{11}$

प्रश्न10. दी गई भिन्नों में से छोटी भिन्न ज्ञात करो –

$\frac{11}{13}$ और $\frac{13}{15}$

प्रश्न11. जिस भिन्न में अंश हर से छोटा होता है .... कहलाता है।

प्रश्न12. तुल्य भिन्न है –

(अ) $\frac{1}{2}$ और $\frac{1\times5}{2\times5}$ (ब) $\frac{3}{4}$ और $\frac{3\times3}{4\times4}$ (स) $\frac{2\times2}{3\times2}$ (द) $\frac{4}{5}$ और $\frac{4\times2}{5\times1}$

प्रश्न13. तुल्य भिन्न है –

(अ) $\frac{8}{16}$ और $\frac{8\div4}{16\div8}$ (ब) $\frac{15}{20}$ और $\frac{15\div5}{20\div5}$ (स) $\frac{2}{18}$ और $\frac{2\div1}{18\div2}$ (द) $\frac{24}{27}$ और $\frac{24\div2}{27\div3}$

प्रश्न14. भिन्न $\frac{64}{120}$ का सरलतम रूप है –

(अ) $\frac{32}{60}$ (ब) $\frac{64}{120}$ (स) $\frac{16}{30}$ (द) $\frac{8}{15}$

प्रश्न15. भिन्न $\frac{13}{18}$ का सरलतम रूप है –

(अ) $\frac{13}{9}$ (ब) $\frac{13}{3}$ (स) $\frac{13}{18}$ (द) $\frac{13}{1}$

प्रश्न16. भिन्न $\frac{5}{9}$ का सरलतम रूप है –

(अ) $\frac{5}{9}$ (ब) $\frac{5}{3}$ (स) $\frac{10}{18}$ (द) $\frac{10}{9}$

प्रश्न17. $\frac{9}{11}+\frac{7}{11}=$ ....

(अ) $\frac{16}{22}$ (ब) $\frac{16}{11}$ (स) $\frac{9}{22}$ (द) $\frac{7}{22}$

प्रश्न18. हल करो –

(अ) $\frac{2}{7}+\frac{5}{14}$ (ब) $\frac{2}{7}+\frac{1}{3}$

प्रश्न19. $\frac{6}{7}-\frac{3}{7}=$ ....

(अ) $\frac{3}{0}$ (ब) $\frac{3}{14}$ (स) $\frac{3}{7}$ (द) $\frac{9}{7}$

प्रश्न20. हल करो –

(अ) $\frac{3}{4}-\frac{2}{12}$ (ब) $\frac{4}{7}-\frac{1}{3}$

प्रश्न21. $\frac{3}{7}\times 4=$ ....

(अ) $\frac{3}{7\times 4}$ (ब) $\frac{3\times 4}{7}$ (स) $\frac{3\times 4}{7\times 4}$ (द) $\frac{3\times 1}{7\times 4}$

प्रश्न22. $\frac{5}{9}\times 2=$ ....

(अ) $\frac{5}{9}+\frac{5}{9}$ (ब) $\frac{5+5}{9\times 9}$ (स) $\frac{5}{9+9}$ (द) $\frac{5+5}{9+9}$

प्रश्न23. दीनू 5 रोटियों में से 3 स्वयं लेता है तथा शेष अपनी बहन को दे देता है। बताइये दीनू के बहन को रोटियों के कितना हिस्सा मिला?

प्रश्न24. हल करो – $\frac{11}{13}+\frac{4}{5}$

प्रश्न25. $\frac{2}{7}\times\frac{5}{9}=$ ....

(अ) $\frac{7}{16}$ (ब) $\frac{10}{63}$ (स) $\frac{10}{16}$ (द) $\frac{53}{63}$

प्रश्न26. पुष्पा प्रतिदिन $\frac{1}{3}$ लीटर और केका $\frac{1}{5}$ लीटर दूध पीती है तो बताओ दोनों प्रतिदिन कुल कितने लीटर दूध पीती हैं ?

प्रश्न27. $9\div\frac{1}{2}=$ ....

(अ) $\frac{9}{2}$ (ब) $\frac{9\times 2}{1}$ (स) $9-\frac{1}{2}$ (द) $9+2$

प्रश्न28. हल करो – $\frac{3}{5}\div\frac{2}{7}$

प्रश्न29. सोहन के पास $\frac{7}{9}$ कि.ग्रा. सेब है। उसने आधी सेब विमल को दे दिया। बताओ सोहन के पास कितने कि.ग्रा. सेब बचें?

प्रश्न30. एक वर्गाकार टेबल की लम्बाई $\frac{7}{9}$ मीटर है तो टेबल का क्षेत्रफल बताओ।

प्रश्न31. अनीता प्रतिदिन सुबह $\frac{3}{4}$ कि.मी. चलती है और सुनीता $\frac{2}{3}$ कि.मी. चलती है तो बताओ अनीता, सुनीता से कितने कि.मी. अधिक चलती है?

प्रश्न32. सम भिन्न है –

(अ) $\frac{9}{5}$ (ब) $\frac{9}{10}$ (स) $\frac{10}{9}$ (द) $\frac{11}{10}$

पाठ - 8
दशमलव

प्रश्न1. निम्नलिखित में 39 के बराबर है –

(अ) 39.0 (ब) 0.039 (स) 390 (द) 0.0039

प्रश्न2. 312.659 में दसवाँ है –

(अ) 1 (ब) 5 (स) 2 (द) 6

प्रश्न3. 5X9 =45 है तो 0.05 X 9 का मान होगा –

(अ) 450 (ब) 0.45 (स) 4.5 (द) 0.045

प्रश्न4. 4.567X10 =45.67 है तो 0.05 X 9 का मान होगा –

(अ) 450 (ब) 0.45 (स) 4.5 (द) 0.045

प्रश्न5. यदि $7.654 \div 10 = 0.7654$ है तो $95.27 \div 10$ का मान होगा –

(अ) 0.9527 (ब) 9.527 (स) 95.29 (द) 952.7

प्रश्न6. रंगीन (रेखांकित) भाग को दशमलव संख्या के रूप में लिखो –

 = ...

 = ...

 = ...

प्रश्न7. निम्नलिखित को दशमलव मे लिखो –

अ. चौतीस दशमलव तीन

ब. बीस दशमलव पाँच तीन दो

स. चार सौ तीन दशमलव शून्य शून्य तीन

प्रश्न8. निम्नलिखित को दशमलव मे लिखो –

अ. इक्कीस और दो दसवाँ

ब. एक सौ दस और ग्यारह सौंवा

स. इकतीस हजार दो सौ चार और एक सौ सात हजारवाँ

प्रश्न9. विषम भिन्न है –

(अ) $\frac{4}{5}$ (ब) $\frac{5}{6}$

(स) $\frac{7}{6}$ (द) $\frac{8}{9}$

प्रश्न10. भिन्न $\frac{6}{3}$ को मिश्र भिन्न के रूप में लिखो।

प्रश्न11. मिश्र भिन्न को $4\frac{7}{11}$ को विषम भिन्न के रुप में लिखो।

प्रश्न12. भिन्न $3\frac{1}{5}$ को चित्र द्वारा प्रदर्शित करो।

प्रश्न13. निम्नलिखित को दशमलव में लिखो –

(क) $65 + \frac{2}{10} + \frac{7}{100}$

(ख) $\frac{3}{10} + \frac{7}{1000}$

(स) $83 + \frac{9}{100}$

प्रश्न14. निम्नलिखित को दशमलव मे लिखो –

(क) $66\frac{5}{10}$

(ख) $13\frac{17}{1000}$

(ग) $\frac{200}{1000}$

प्रश्न15. चित्रू ने 22.75 किग्रा. चावल, 15.37 किग्रा. गेंहू तथा 3.27 किग्रा. दाल खरीदा तो बताइये कि चित्रू ने कुल कितने किग्रा. सामान खरीदा।

प्रश्न16. 15.75 + 0.05 + 2.50 को हल करो।

प्रश्न17. सीमा के घर एक माह में औसतन 35 लीटर दूध की खपत है। यदि उसने जनवरी माह में 18. 705 लीटर दूध खपत की। तो बताओ उसने कितने लीटर दूध कम खपत की।

प्रश्न18. गणेश पूजा के चन्दा के लिए प्रत्येक व्यक्ति से 121.58 रू. लेने का निर्णय किया गया। यदि कुल 15 व्यक्तियों ने चन्दा दिया तो बताओ कितने रूपये जमा होंगे ?

प्रश्न19. सुनील के पास 4.85 मीटर लम्बाई की 12 रस्सी है। बताओ सभी रस्सी को जोड़कर अधिकतम कितनी दूरी को नापा जा सकता है।

प्रश्न20. श्याम छः माह में कुल 525.78 रू. कमाता है। तो उसने एक माह में कितने रूपये कमाए ?

प्रश्न21. सोनू 12.25 रू. में पाँच रबर खरीदता है तो बताओ एक रबर का मूल्य कितना है ?

प्रश्न22. दिये गये चित्र के छायांकित भाग का मान दशमलव में ज्ञात करो ?



प्रदत्त कार्यः– अपने जिले के विगत दस दिनों के तापमान का अवलोकन समाचार पत्र से कर सारणी तैयार करें एवं निम्न प्रश्नों के उत्तर ढूढ़ें–

(अ) सबसे अधिक तापमान किस दिन था ?
(ब) सबसे कम तापमान किस दिन था ?
(स) दस दिनों का औसत तापमान क्या था ?
(द) सबसे अधिक और सबसे कम तापमान वाले दिनों के तापमान में अंतर कितना था ?

पाठ - 9
कोण

प्रश्न1. कोण को मापा जाता है –

(अ) किलोग्राम में (ब) लीटर में (स) अंश में (द) सेन्टीमीटर में

प्रश्न2. दिये गये कोण का नाम है –



(अ) कोण ABC (ब) कोण BCA

(स) कोण CAB (द) कोण BAC

प्रश्न3. 72^0 का कोण बनाओ –

प्रश्न4. समकोण का मान होता है –

(अ) 110^0 (ब) 100^0 (स) 90^0 (द) 80^0

प्रश्न5. 0^0 से अधिक और 90^0 से कम माप के कोण को .... कहते हैं।

प्रश्न6. 90^0 से अधिक और 180^0 से कम माप के कोण को .... कहते हैं।

प्रश्न7. 5 सेमी. लम्बाई की एक रेखा खण्ड $\overline{AB}$ खींचो। इस रेखा खण्ड को आधार मानते हुए शीर्ष A पर क्रमशः 45^0 और 65^0 का कोण बनाओ।

प्रश्न8.



कोण $\angle COB$ की माप ज्ञात करो।

प्रश्न9.



चित्र को देखकर बनने वाले न्यून कोण एवं समकोण की संख्या लिखो एवं उनका नाम बताओ।

प्रश्न10. नीचे कुछ कोणों के मान दिए गए है। इनमें से न्यून कोण, समकोण एवं अधिक कोण छाँट कर लिखो।

(अ) 138^0 (ब) 76^0 (स) 90^0 (द) 93^0 (इ) 32^0

(प) 80^0 (फ) 27^0 (न) 127^0

प्रश्न11. निम्नलिखित माप के कोण बनाओ –

(अ) 145^0 (ब) 95^0 (स) समकोण (द) न्यूनकोण

प्रश्न12. दिये गये कोणों में से कौन सा कोण न्यून कोण है –

प्रश्न13. सामान्यतः कोण किसकी सहायता से नापा जाता है –

(अ) स्केल (ब) चाँदा

(स) परकार (द) डिवाईडर

पाठ - 10
ज्यामिति आकृतियाँ

प्रश्न1. अधिककोण त्रिभुज में भुजाओं की संख्या होती है –
(अ) दो (ब) तीन
(स) चार (द) एक

प्रश्न2. ऐसी त्रिभुज जिसकी सभी भुजाएँ अलग–अलग लम्बाई की हाती है, कहलाता है –
(अ) समबाहु त्रिभुज (ब) विषमबाहु त्रिभुज
(स) समद्विबाहु (द) समकोण त्रिभुज

प्रश्न3. त्रिभुज में कोणों की संख्या होती है –
(अ) एक (ब) दो
(स) तीन (द) चार

प्रश्न4. किसी त्रिभुज में न्यून कोण की संख्या हो सकती है –
(अ) एक (ब) दो
(स) तीन (द) चार

प्रश्न5. किसी त्रिभुज में अधिक कोण की संख्या हो सकती है –
(अ) एक (ब) दो
(स) तीन (द) चार

प्रश्न6. वर्ग के चारों कोण होते हैं –
(अ) न्यूनकोण (ब) समकोण
(स) अधिककोण (द) सरलकोण

प्रश्न7. आयत के आमने–सामने की भुजाएँ .... होती है।

प्रश्न8. ऐसा आयत जिसकी चारों भुजाएँ समान लम्बाई की हो .... कहलाता है।

प्रश्न9. आयत के तीन कोण समकोण है तो चौथा कोण होगा –
(अ) न्यूनकोण (ब) समकोण
(स) अधिककोण (द) सरलकोण

प्रश्न10. आयत के चारों कोणों की माप .... होती है।

प्रश्न11. वर्ग के चारों कोणों की माप .... होती है।

प्रश्न12. यदि किसी वर्ग की एक भुजा की लम्बाई 3 सेमी. है तो शेष तीन भुजाओं की लम्बाई होगी –

(अ) 1 सेमी. (ब) 2 सेमी.
(स) 3 सेमी. (द) 9 सेमी.

प्रश्न13. यदि आयताकार पलंग की एक भुजा की लम्बाई 10 सेमी. है तो उसके सामने वाले भुजा की लम्बाई होगी –

(अ) 5 सेमी. (ब) 10 सेमी.
(स) 15 सेमी. (द) 20 सेमी.

प्रश्न14. एक ऐसे त्रिभुज वाली बंद आकृति बनाइये जिसकी प्रत्येक भुजा 4 सेमी. हो।

प्रश्न15. एक ऐसा त्रिभुज बनाइये जिसका एक कोण समकोण हो तथा कोण बनाने वाली दोनो भुजा 3 सेमी. हो।

प्रश्न16.





चित्र A और B को ध्यान से देखिए और इनमें एक समान गुण और एक असमान गुण को लिखो–

प्रश्न17. ऐसे चार भुजा वाली बंद आकृति का निर्माण कीजिए जिसके आमने सामने की भुजा बराबर हो तथा वे चार समकोण बनाते हों।

प्रश्न18.

A.

B. .C

दिये गये तीनों बिन्दुओं को सरल रेखा से जोड़ो और इस प्रकार बनी बंद आकृति का नाम लिखो इसमें सबसे बड़ी भुजा की लम्बाई ज्ञात करो।

पाठ - 11
लंबाई

प्रश्न1. लम्बाई को मापा जा सकता है –

(अ) लीटर में (ब) घंटा में (स) मीटर में (द) ग्राम में

प्रश्न2. 1 किलोमीटर बराबर होता है –

(अ) 1000 सेमी. (ब) 1000 मीटर (स) 100 मीटर (द) 100 सेमी.

प्रश्न3. 7 मीटर बराबर होता है –

(अ) 7 सेमी. (ब) 70 सेमी. (स) 700 सेमी. (द) 7000 सेमी.

प्रश्न4. 4 लीटर 300 मिली. को लीटर में बदलो।

प्रश्न5. 575 मिली. = ... लीटर।

प्रश्न6. 45 मीटर = ... सेमी.।

प्रश्न7. प्रियांशु ने 5 किमी. की यात्रा सायकल से, 1.5 किमी. की यात्रा दौड़कर तथा 0.5 किमी. की यात्रा पैदल चलकर पूरी की तो उसने कुल कितनी दूरी की यात्रा की –

(अ) 6000 मीटर (ब) 7000 मीटर (स) 5000 मीटर (द) 8000 मीटर

प्रश्न8. रोहन के पास 2.05 मीटर और सुनील के पास 1.85 मीटर लम्बी रस्सी है। तो बताओ दोनों को मिलाकर कुल कितने लम्बाई की दूरी मापी जा सकती है –

(अ) 930 सेमी. (ब) 39 सेमी. (स) 39 मीटर (द) 390 सेमी.

प्रश्न9. श्रेया ने 0.079 किलोमीटर सायकल चलाई तो उसके द्वारा तय की गयी कुल दूरी मीटर में होगी–

(अ) 79 मीटर (ब) 7.9 मीटर (स) 0.79 मीटर (द) 0.0079 मीटर

प्रश्न12. एक कुएँ में 50 मीटर की गहराई में पानी है मनोज इसमें से पानी निकालना चाहता है । उसके पास पहले से जो रस्सी है उसमें 3.75 मीटर रस्सी और जोड़ने पर पानी तक पहुंच जाता है पहले वाली रस्सी की लंबाई कितनी थी?



पाठ - 12
भार

प्रश्न1. पाँच पाव के बराबर होता है –

(अ) पाँच किलो (ब) ढाई किलो (स) एक किलो (द) एक किलो एक पाव

प्रश्न2. ढाई किलोग्राम में कितने आधा किलो शामिल है –

(अ) 2 (ब) 3 (स) 4 (द) 5

प्रश्न3. 1.75 किलोग्राम भार को तौलने के लिए कौन–सा युग्म सही है –

(अ)

(ब)

(स)

(द)


प्रश्न4. चिन्टू मिठाई की दुकान से तीन पाव मिठाई लाया तो वह कितना किलोग्राम मिठाई लाया –

(अ) 3 किलोग्राम (ब) 1.5 किलोग्राम (स) 0.75 किलोग्राम (द) 0.50 किलोग्राम

प्रश्न5. 1 नग मिठाई का भार 50 ग्राम है तो दो पाव मिठाई की संख्या होगी –

(अ) 5 नग (ब) 2 नग (स) 10 नग (द) 50 नग

प्रश्न6. किलोग्राम मात्रक है –

(अ) समय का (ब) भार का (स) धारिता का (द) मुद्रा का

प्रश्न7. मनोज बैंक में सिक्कों की गणना तौलकर करता है यदि 5 रुपये के एक सिक्के का भार 10 ग्राम है तो बताओ 20 किग्रा. के बोरी में 5 रुपये की सिक्कों की संख्या क्या होगी?

प्रश्न8. कविता के एक हाथ में 2.75 किग्रा. आलू तथा दूसरे हाथ में 1.75 किग्रा. टमाटर है। यदि आधा किग्रा. टमाटर गिर जाता है तो बताइये कि अब कविता के हाथ में कुल कितना भार बचा है?

प्रश्न9. चित्र में बैंगन वाली टोकरी और फूलगोभी वाली टोकरी दी गई है। देखकर बताओ कि किस टोकरी का भार ज्यादा होगा –

प्रत्येक बैंगन का भार 200 ग्राम

प्रत्येक गोभी का भार 150 ग्राम

प्रश्न10.

अनार $1\frac{3}{4}$ किलोग्राम



सेब $\frac{5}{6}$ किलोग्राम

दिये गये चित्र में टोकरी में रखें फलों का भार किग्रा. में दिया गया है। बताओं एक सेब और एक अनार में से किसका भार अधिक है और कितना?

पाठ - 13

धारिता

प्रश्न1. निम्न में से किसकी धारिता नहीं होती है –

(अ) गिलास (ब) पानी की टंकी (स) ब्लेक बोर्ड (द) दूध का डिब्बा

प्रश्न2. टीनू को डॉक्टर प्रतिदिन एक पाव दूध पीने को कहा तो बताओ टीनू एक सप्ताह में कितना दूध पीयेगा।–

(अ) 7 लीटर (ब) 7 मिली. (स) 1.75 लीटर (द) 1.75 मिली.

प्रश्न3.

आकांक्षा 2 लीटर वाले बर्तन से 3 बार और 3 लीटर वाले बर्तन से 2 बार दूध मापती है तो बताओ वह कितना दूध मापी।

प्रश्न4. लालजी चायवाला आधा लीटर धारिता वाले केतली को 25 मिली. धारिता वाले कप से कितने बार में भरेगा –

(अ) 15 कप (ब) 10 कप (स) 20 कप (द) 25 कप

प्रश्न5.



(अ) 1.75 लीटर (ब) 17.50 लीटर (स) 1.30 लीटर (द) 1.03 लीटर

प्रश्न6. एक पानी के ड्रम की धारिता 750 लीटर है। 50 लीटर धारिता वाले बर्तन से ड्रम को पूरा भरने के लिये कुल कितने बार उपयोग करना पड़ेगा?

प्रश्न7. खाँसी की सिरप की एक शीशी में 60 मिली. दवा है। माधुरी एक चम्मच सिरप रोज पीती है और दवा 5 दिनों में खत्म हो जाती है, तो चम्मच की धारिता बताओ।

प्रश्न8. रिंकू एक मिनट में 100 मिली. क्षमता वाले 5 शीशियों को पानी से भर देता है। तो बताओ आधा घंटा में कुल कितनी शीशियों को भर लेगा?

प्रश्न9. शुभांगी अपने जन्मदिन पर 8 लीटर शरबत बनाती है। उसका भाई रवि आधा लीटर शरबत अपने दोस्तों के लिये रख लेता है। शेष को शुभांगी अपनी तीन सहेलियों में बराबर–बराबर बाँट देती है तो बताओ प्रत्येक को कितना शरबत मिला?

प्रश्न10. जल विभाग 12000 लीटर क्षमता की टंकी से पानी सप्लाई करती है। पानी सप्लाई के पश्चात् टंकी में एक चौथाई पानी बच जाता है। तो बताओं कितना लीटर पानी बच जाता है?

प्रदत्त कार्य :–

प्रश्न11. आपके घर में पायी जाने वाली वस्तुओं की सूची दी गयी है। उचित मापक की सहायता से प्रत्येक की धारिता ज्ञात कीजिये।

क्र.	वस्तु का नाम	धारिता
1.	गिलास	
2.	मग	
3.	जग	
4.	बाल्टी	
5.	दवा की शीशी	
6.	लोटा	
7.	टब	
8.	....	

पाठ - 14

मुद्रा

प्रश्न1. सही उत्तर चुनकर लिखो :–

1. 1 रुपये में 10 पैसे के कितने सिक्के होंगे–
   (अ) 5 (ब) 4 (स) 2 (द) 10
2. 28 पैसे के बराबर है–
   (अ) 28 रुपये (ब) 0.28 रुपये (स) 2.8 रुपये (द) 0.028 रुपये
3. 5 पैसे के एक सिक्के का मूल्य है–
   (अ) 5.00 रु. (ब) 0.5 रु. (स) 0.05 रु. (द) 50.00 रु.
4. समान मूल्य वाले 4 सिक्कों का योग 1 रुपया है तो प्रत्येक सिक्का होगा–
   (अ) 5 पैसे का (ब) 10पैसे का (स) 25 पैसे का (द) 50 पैसे का

प्रश्न2. निम्नलिखित को बदलकर लिखिये–

(a) 45 पैसे को रुपये में
(b) 1.30 रुपये को पैसे में
(c) 155 पैसे को रुपये में
(d) 30.05 रुपये को पैसे में
(e) एक सौ नौ पैसे को रुपये में

निम्नलिखित प्रश्नों को हल कीजिये–

प्रश्न3. हिमोहन ने 15.45 रुपये के पेन व 12.38 रुपये के पेंसिल खरीदा। उसने कुल कितने रुपये का सामान खरीदा?

प्रश्न4. षिवा, लता और षिखा ने हर्ष के जन्मदिन के तोहफा के रुप में एक घड़ी खरीदा। घड़ी का मूल्य 125 रुपये है। यदि शिवा ने 38.75 रुपये लता ने 41.50 रुपये मिलाया, तो शिखा को कितने रुपये देने पड़ेंगे?

प्रश्न5. गौरव ने 15.75 रुपये की दर से 5 किग्रा. गेंहूँ खरीदा, उसे कितना मूल्य चुकाना पड़ेगा?

प्रश्न5. गौरव ने 15.75 रुपये की दर से 5 किग्रा. गेंहूँ खरीदा, उसे कितना मूल्य चुकाना पड़ेगा?

प्रश्न6. एक दर्जन केले को वर्षा ने 45 रुपये में खरीदा। एक केले का मूल्य क्या होगा?

प्रदत्त कार्य:–

अपने पालक के साथ किराना स्टोर्स से सामान खरीद कर उसका बिल बनाइये।

पाठ - 15

समय

सही उत्तर चुनकर लिखो :–

प्रश्न1. दिलीप को रायपुर से भोपाल जाने में 96 घंटे लगे तो बताओं उसने कितने दिनों की यात्रा की–

(अ) 8 दिन (ब) 4 दिन (स) 9 दिन (द) 6 दिन

प्रश्न2. से तक कार्य करने पर कुल कितने घंटे कार्य करना पड़ा

(अ) 3.30 घंटे (ब) 2 घंटे (स) 1.30 घंटे (द) 2.30 घंटे

प्रश्न3. मिनट की सुई को डायल के चक्कर लगाने में कितना सेकेण्ड लगता है–

(अ) 1 सेकेण्ड (ब) 06 सेकेण्ड (स) 60 सेकेण्ड (द) 10 सेकेण्ड

प्रश्न4. सेकेण्ड की सुई डायल के चार चक्कर लगाती है तो बताओ वह कुल कितने मिनट चली–

(अ) 4 मिनट (ब) 4 सेकेण्ड (स) 40 मिनट (द) 40 सेकेण्ड

प्रश्न5. 2 बजे से 4 बजकर 25 मिनट बजने के दौरान मिनट की सुई को डायल के कितने चक्कर लगाने पड़ेगे–

(अ) 125 (ब) 225 (स) 145 (द) 245

प्रश्न6. सौम्यजीत ने दो क्रमागत माह में कुल 62 दिनों तक काम किया तो बताओ कि उसने किन दो माह मे कार्य किया?

(अ) मई–जून (ब) जून–जुलाई (स) जुलाई–अगस्त (द) अगस्त–सितम्बर

प्रश्न7. मैं इलाहाबाद के लिये सोमवार सुबह 8.30 बजे ट्रेन से चला और मंगलवार को दोपहर 3.30 बजे पहुँचा तो बताइये कि कुल कितने दिन और घंटे लगे?

(अ) 1 दिन साढ़े तीन घंटे (ब) 2 दिन (स) 2 दिन 7 घंटे (द) 1 दिन 7 घंटे

प्रश्न8. निम्नलिखित माह में से किस माह में घंटे की सुई सर्वाधिक बार घुमेगी–

(अ) फरवरी (ब) मार्च (स) अप्रैल (द) सितम्बर

प्रश्न9. एक सप्ताह में कुल घंटों की संख्या होगी–
(अ) 84 घंटे (ब) 70 घंटे (स) 168 घंटे (द) 120 घंटे

प्रश्न10. 400 मिनट में से 40 मिनट कम करने पर बचा समय होगा–
(अ) 360 सेकेण्ड (ब) 36 घंटे (स) 6 घंटे (द) 6 सेकेण्ड

प्रश्न11. चन्द्रशेखर स्कूल जाने के लिये घर से 8.30 बजे सुबह निकलता है और 10.00 बजे स्कूल पहुँचता है। उसके स्कूल की छुट्टी 5.30 बजे होती है तो बताओ वह स्कूल में कितना समय बिताता है?

प्रश्न12. आकाश, गृहकार्य करने के लिये 1.30 घंटे, गणित हल करने के लिये 2.00 घंटे तथा अंग्रेजी पढ़ने के लिये 1.45 घंटे खर्च करता हैं तो बताओ कि कुल कितने घंटे पढ़ाई करता है?

प्रश्न13. यदि कोई यात्री मंगलवार सुबह अपनी यात्रा प्रारंभ करता है। यदि वह कुल 72 घंटे की यात्रा करता है तो बताइये कि वह किस दिन अपनी यात्रा पूरी करेगा और कितने बजे?

पाठ - 16
परिमाप

प्रश्न1. निम्नलिखित अंग्रेजी के अक्षरों में से कौन–सा अक्षर बंद आकृति को प्रदर्शित करता है –
(अ) सी (ब) यू (स) डी (द) एल

प्रश्न2. नीचे दी गयी आकृतियों में से खुली आकृति है –
(अ) D (ब) C (स) O (द) Q

प्रश्न3. इनमें से कौन–सी खुली आकृति है –
(अ) (ब) (स) (द)



प्रश्न4. आयत का परिमाप बराबर होता है –
(अ) 2X लम्बाई + चौड़ाई
(ब) लम्बाई + 2X चौड़ाई
(स) 2X लम्बाई + 2X चौड़ाई
(द) 2X लम्बाई ÷ 2X चौड़ाई



प्रश्न5. निम्नलिखित में से कौन–सा संबंध वर्ग के परिमाप को बताता है –
(अ) 4 + भुजा (ब) 4 ÷ भुजा (स) 4 X भुजा (द) 4 – भुजा

प्रश्न6. दिये गये वर्ग के छायांकित भाग का परिमाप 7 सेमी. है तो वर्ग का परिमाप होगा –
(अ) 6 सेमी. (ब) 3 सेमी.
(स) 8 सेमी. (द) 12 सेमी.

प्रश्न7. एक आयताकार बगीचे की तीन भुजाओं की लम्बाईयाँ क्रमशः 7 सेमी., 5 सेमी. तथा 7 सेमी. हो तो चौथी भुजा की लम्बाई होगी –
(अ) 10 सेमी. (ब) 15 सेमी. (स) 5 सेमी. (द) 20 सेमी.

प्रश्न8. एक वर्ग की भुजा की माप 6 सेमी. है तो उसका परिमाप होगा –
(अ) 6 सेमी. (ब) 36 सेमी. (स) 24 सेमी. (द) 30 सेमी.

प्रश्न9. एक वर्ग का परिमाप 20 सेमी. है यदि प्रत्येक भुजा की लम्बाई दुगुना कर दिया जाये तो परिमाप होगा –
(अ) दुगुना (ब) चार गुना (स) आठ गुना (द) कोई परिवर्तन नहीं होगा।

प्रश्न10. किसी आयत को दो भागों में बाँटने (काटने) पर उसका परिमाप –
(अ) बढ़ेगा (ब) घटेगा (स) अपरिवर्तित रहेगा (द) परिमाप निकालना संभव नहीं है।

प्रश्न11.



दिये गये चित्र का परिमाप ज्ञात करो।

प्रश्न12. लुडो के बोर्ड की एक भुजा की माप 4 सेमी. है तो उसका परिमाप ज्ञात कीजिये।

प्रश्न13.



दिये गये आयत के भुजा की लम्बाई, चौड़ाई और विकर्ण की माप क्रमशः 4 सेमी., 3 सेमी. और 5 सेमी. है। इसे विकर्ण के सापेक्ष काटकर दो त्रिभुज बनाया गया है। दोनों त्रिभुज के परिमाप का योग ज्ञात कीजिये।

प्रश्न14.



उपरोक्त चित्र में दोनों त्रिभुजों को जोड़कर एक नयी आकृति बनायी गयी है। नये आकृति का परिमाप ज्ञात करो।

प्रश्न15.



दिये गये चित्र में छायांकित भाग का परिमाप ज्ञात कीजिये।

प्रश्न16. प्रदत्त कार्य :–

(1) 5 सेमी. भुजा वाले दो वर्गों को आपस में जोड़ने पर बने नये आकृतियों को कापी में बनाओं और प्रत्येक आकृति का परिमाप ज्ञात करो।

(2) आपको दो अलग–अलग त्रिभुज दिये गये हैं। इन दोनों आकृतियों को अलग–अलग तरीके से जोड़ो और प्राप्त नयी आकृति का परिमाप ज्ञात कीजिये।





*****

पाठ - 17
क्षेत्रफल

प्रश्न1. किसी आकृति के अंदर बने इकाई वर्गों की संख्या को कहते हैं –
(अ) परिमाप (ब) क्षेत्रफल (स) धारिता (द) आयतन



प्रश्न2. दिये गये चित्र में इकाई वर्गों की संख्या है –
(अ) 8 (ब) 4 (स) 2 (द) 6

प्रश्न3. 3 सेमी. भुजा वाले एक वर्ग की प्रत्येक भुजा की लंबाई को दुगुना कर देने पर उसका क्षेत्रफल होगा –
(अ) दुगुना (ब) चौगुना (स) आधा हो जायेगा (द) अपरिवर्तित



प्रश्न4. दिये गये वर्ग के अंदर 1 सेमी. भुजा वाले वर्ग बनाया गया है। वर्ग को पूरा भरने के लिये कितनी इकाई वर्ग की आवश्यकता होगी –
(अ) 11 (ब) 12 (स) 13 (द) 14

प्रश्न5. खो–खो के मैदान की लम्बाई 25 मीटर और क्षेत्रफल 250 वर्ग मीटर है तो मैदान की चौड़ाई होगी –
(अ) 9 मीटर (ब) 10 मीटर (स) 20 मीटर (द) 25 मीटर

प्रश्न6. एक सतरंज बोर्ड का क्षेत्रफल 64 वर्ग सेमी. है तो उसके एक खाने की क्षेत्रफल होगी –
(अ) 8 सेमी. (ब) 1 वर्ग सेमी. (स) 1 सेमी. (द) 8 वर्ग सेमी.

प्रश्न7. एक आकृति की लम्बाई 10.5 सेमी. है और चौड़ाई 7.5 सेमी. है तो वह आकृति है –
(अ) त्रिभुज (ब) वर्ग (स) आयत (द) वृत्त

प्रश्न8. किसी आयत का वर्ग का क्षेत्रफल ज्ञात किया जा सकता है –
(अ) भुजा X भुजा से
(ब) उसके अंदर बने इकाई वर्गों की संख्या से
(स) अ और ब दोनों से
(द) कोई नहीं।

प्रश्न9. एक आयत और वर्ग की चौड़ाई 4 सेमी. है तो वर्ग का क्षेत्रफल आयत के क्षेत्रफल से होगा –
(अ) अधिक (ब) कम (स) बराबर (द) आयत नहीं बनाया जा सकता

प्रश्न10. दी गयी आकृति में एक त्रिभुज का क्षेत्रफल होगा –



(अ) 11 वर्ग इकाई (ब) 5.5 वर्ग इकाई
(स) 30 वर्ग इकाई (द) 15 वर्ग इकाई

प्रश्न11. एक चादर की लम्बाइ्ध 150 सेमी. और चौड़ाई 10 सेमी. है। इससे 15 सेमी. की लम्बा और 10 सेमी. चौड़ा कितने टुकड़े काटे जा सकते हैं?

प्रश्न12. 4 सेमी. भुजा वाले तीन वर्गों को जोडकर एक आयत बनाया गया है। बने हुए आयत का क्षेत्रफल ज्ञात करो?

प्रश्न13. दिये गये आकृति को चित्रानुसार ठीक बीच से काटने पर रंगीन भाग का क्षेत्रफल कितना होगा?



प्रश्न14. 3 सेमी. भुजा वाले चार वर्गों को जोड़कर एक बड़ा वर्ग बनाया गया। बड़े वर्ग का क्षेत्रफल ज्ञात करो?

प्रश्न15. एक खाट की चौड़ाई 120 सेमी. और क्षेत्रफल 1800 वर्ग सेमी. है तो खाट की लम्बाई ज्ञात करो?

प्रदत्त कार्य :–

प्रश्न16. अपने घर के प्रत्येक कमरे की लम्बाई तथा चौड़ाई को मापकर उसकी आकृति का नाम लिखो एवं उसका क्षेत्रफल ज्ञात करो।

पाठ - 18
आँकड़ों का निरूपण

प्रश्न1. संकेत　　I = 1 (एक)　△ = 3 (तीन)　⧄ = 5 (पाँच)
　　　　　　　II = 2 (दो)　□ = 4 (चार)

क्र.	वाहनों के नाम	टेली चिह्न	संख्या
1.	साइकिल	□ □ ⧄ II	15
2.	रिक्शा	⧄ □ △ I	....
3.	तांगा	□ △ II	....
4.	बैलगाड़ी	△ □ △ □ II	....
5.	मोटर साइकिल	⧄ ⧄ △ △ I	....

उपरोक्त सारणी के अनुसार निम्न प्रश्नों का उत्तर दो –

(1) कौन–सी वस्तु सबसे अधिक है?

(2) तांगे की संख्या मोटर साइकिल की संख्या से कितनी कम है?

(3) रिक्शा एवं बैलगाड़ी की कुल संख्या कितनी है?

(4) साइकिल और मोटर साइकिल की संख्या तांगा और रिक्शा की संख्या से कितनी अधिक है?

प्रश्न2. क्रिकेट के एक मैच में राहुल, सचिन, सौरभ, कुमले एवं युवराज ने कुछ रन बनाये जिसे चित्र में दिखाया गया है–



चित्र को देखकर प्रश्नों के उत्तर दो –

(1) सबसे अधिक रन किसने बनाया?

(2) सबसे अधिक रन बनाने वाले एवं सबसे कम रन बनाने वाले खिलाड़ी के रनों का अन्तर क्या है?

(3) किन लोगों ने समान रन बनाये एवं कितना रन बनाये?

(4) युवराज के रनों की संख्या किन दो खिलाड़ियों के रनों के योग के बराबर है?

(5) कूमले और सचिन के रनों का योग कितना है?

सर्वे कार्य :– आप अपने गाँव/मुहल्ले के 5 घरों में पाये जाने वाले पालतु जानवर/वाहन के नाम एवं संख्या को दिखाने के लिये एक तालिका बनाओं।

क्र.	जानवरों के नाम	टेली चिह्न	संख्या
1.	....		....
2.	....		....
3.	....		....
4.	....		....
5.	....		....

प्रदत्त कार्य :– आप अपने पिछली कक्षा में प्राप्त ग्रेडों को विषयवार आलेख द्वारा प्रदर्शित कीजिये।